भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

कल्याणमयी ने स्वास्थ्य शिविरका आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

बुधवार, 08 मार्च, 2017:

नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल्याणमयी - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ ने एन जी ओ जैसे एओजिन इंडिया एवं कैन सपोर्ट के सहयोग से महिलाओं के रि-प्रोडक्टिव स्वास्थ्य विशेषकर कैंसर संबंधी जॉच के लिए महिला स्वास्थ्य जॉच शिविर का आयोजन किया । इस शिविर का आयोजन चाणक्यपुरी में स्वामी विवेकानन्द बस्ती में किया गया ।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है - 'परिवर्तन के लिए निडर बनें' । भाविप्रा सदा लैंगिक समानता के पक्ष में रहा है तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निर्भीक, मजबूत एवं और अधिक सशक्त बनने के लिए महिलाओं का हमेशा समर्थन किया है । स्वस्थ महिला सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती है । इस वर्ष की थीम से खुद को जोड़ते हुए कल्याणमयी ने स्वस्थ शरीर एवं मजबूत दिमाग के सृजन हेतु एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया ।

कल्याणमयी समाज की बेहतरी से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करके प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है । यह भाविप्रा की एक सहयोगी संस्था है जिसका संचालन महिला कार्मिकों एवं भाविप्रा के पदाधिकारियों की पत्नियों द्वारा किया जाता है । सम्पूर्ण भारत में इसकी शाखाएँ विद्यमान हैं तथा इसकी अखिल भारतीय अध्यक्ष श्रीमती अंजलि महापात्र हैं । कल्याणमयी भाविप्रा को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कल्याण संबंधी गतिविधियों की योजना बनाने एवं उसका निष्पादन करने में सहायता करती है तथा यह भाविप्रा के कार्मिकों के परिवारों के तथा सम्पूर्ण रूप से पूरे समाज के लाभ के लिए भी कार्य करती है ।

..

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 75/2016-17

श्रीमती अंजलि महापात्र, अखिल भारतीय अध्यक्ष, भाविप्रा महिला कल्याण संघ - कल्याणमयी, डॉ. छवि अग्रवाल, श्रीमती शैली दत्ता एवं श्रीमती शांतिश्री मूर्ति स्वामी विवेकानंद बस्ती, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में भाग लेती हुईं ।